समारोह | बुंदेली परिवेश के हास्य व्यंग्य को देख खिलखिलाते नजर आए दर्शक

# बुंदेली हास्य नाटक गुड़िया की शादी का मंचन




**नवभारत,दमोह.** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से युवा नाट्य मंच द्वारा शहर के अस्पताल चैक स्थित मानस भवन में 21वें पांच दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है. समारोह के द्वितीय दिवस शुक्रवार को मप्र नाट्य विद्यालय की रंग प्रयोगशाला द्वारा बुंदेली हास्य नाटक गुड़िया की शादी का मंचन किया गया.बुंदेली परिवेश, बुंदेली शैली और कहानी पर आधारित इस हास्य नाटक को देख दर्शक जहां खुद को मुस्कुराने से नहीं रोक सके.वहीं नाटक ने समाज में फैली एक बड़ी विसंगती को भी अत्यंत गंभीरता से उठाया जो नाटक के उद्देश्य को सार्थक करता है.

उसका रंग भले ही काला है, पर मन बहुत उजला है.ऐसे में बड़ी मुश्किल से गुड़िया की शादी तय होती है. शादी की तैयारियां शुरू होती है और शादी के परंपरागत नेग दस्तूर भी चल रहे है, लेकिन शादी के एक दिन पहले गुड़िया के साथ कुछ ऐसा घटित होता हैं जिससे वह और कुरूप लगने लगती है.ऐसे में पहले से ही उपेक्षा का शिकार रही गुड़िया और परिजनों के सामने समस्या खड़ी हो जाती है.

### नारी शक्ति के गुणों पर भारी रंग-रूप

नाटक की कहानी बुंदेलखंडी कस्बे के एक ऐसे निम्न मध्यम वर्गीय परिवार की कहानी है जिसमें कहानी की पात्र गुड़िया बिटिया अपने रंग-रूप की वजह से उपेक्षा का शिकार होती है .वह घर हो या बाहर हर जगह सबके ताने सुनती रहती है, पर इसके बाद भी उसकी सोच इतनी सकारात्मक है कि उसके ऊपर नकारात्मक बातों का कोई असर नही होता .वह विपरीत परिस्थितियों में भी सहज होकर जीवन का आनंद लेना चाहती है .



## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

**नवभारत,दमोह.** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में मध्य प्रदेश विज्ञान व प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम प्राचार्य डॉ जी.पी.चौधरी के संरक्षण में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में 27 से 28 फ़रवरी तक दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज दिनांक 27 फ़रवरी पोस्टर पेंटिंग निबंध प्रतियोगिता तथा विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।क्विज प्रतियोगिता में प्रथम शिवा दुबे,द्वितीय चेतना मीना, तृतीय स्थान कविता चक्रवर्ती का रहा ।कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ अरुणा एम जैन, डॉ अवधेश जैन, डॉ प्रणव मिश्रा,डॉ बृजेंद्र सिंह कुसमरिया डॉ दिनेश कुमार पटेल, शिव शंकर मरकाम,डॉ.असलम खान,डॉ राजेश पौराणिक, डॉ.चंद्रशेखर राठौर,डॉ शिरीन खान,डॉक्टर,डॉ आकाश पांडे,डॉ अमिता श्रीवास्तव,डॉ रेशमा परवीन,व समस्त स्टाफकी उपस्थिति रही।

# समवशरण से हुई मुनि श्री की दिव्य देशना

### श्री अरहंत चक्र महामंडल विधान के चौथे दिन ध्वज भूमि एवं दिव्य भूमि में अर्घ्य समर्पित

**नवभारत,दमोह.** नगर की उमा मिस्त्री की तलैया में सकल जैन समाज द्वारा श्री 24 समोसरण अरहंत चक्र महामंडल विधान का आयोजन भक्ति भाव के साथ चल रहा है। विधान के चौथे दिन ध्वज भूमि व दिव्य भूमि के अर्घ्य समर्पित किए गए। वही मुनि श्री पदम सागर जी की दिव्य देशना का लाभ मुख्य समवशरण से प्राप्त हुआ। पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हें मंदिर निर्माण कार्य हेतु आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं आचार्य श्री समाज सागर जी के मंगल आशीष से उनके शिष्य मुनि श्री पदम सागर एवं छुलल्क श्री तातपर्य सागर जी के सानिध्य में अष्टानिका महापर्व में 24 फ़रवरी से 3 मार्च तक श्री अरहंत चक्र 24 समोशरण महामंडल विधान का आयोजन चल रहा है। विधान के चौथे दिन शुक्रवार को प्रातः बेला में मुनि संघ के सानिध्य में अभिषेक पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर शांति धारा करने के साथ मुख्य पात्र बनकर पूजन करने का सौभाग्य मनोज मीनू जैन विजय श्री आयरन परिवार, प्रेमचंद जी संगीता अनुज एलोरा कॉलोनी, श्री रवि जैन महावीर ट्रांसपोर्ट परिवार, सुनील कुमार जैन इलेक्ट्रिकल परिवार, श्री डॉ सुबोध जैन डॉ गुलशन जैन, हेमंत जैन परिवार, रमेश चौधरी परिवार, श्रीमती रजनी शशांक पलंदी परिवार को प्राप्त हुआ ।वही शनिवार को होने वाली शांति धारा करने का सौभाग्य राकेश पुजारी परिवार, आनंद बीएस एनल परिवार, लोकेश गांगरा परिवार,डॉ सुबोध जैन परिवार ने प्राप्त किया।



मुनि श्री पदम सागर जी के पाद प्रक्षालन का पावन सौभाग्य श्री ऋषभ कुमार सुनील कुमार प्रवीण कुमार बड़े राय परिवार को प्राप्त हुआ। आज ध्वज भूमि में पूजन अवसर पर सबसे पहला स्वर्ण ध्वज चढ़ाने का सौभाग्य मनोज मीनू जैन विजय आयरन परिवार ने प्राप्त किया। समोसारण में रजत ध्वजा स्थापित करने का सौभाग्य संतोष सिंघई,सुधीर सिंघई, चन्द्र कुमार सौरभ खजरी परिवार, पदम चंद बजाज, श्रीमती चमेली शशि प्रभा जी परिवार सहित अनेक परिवारों को प्राप्त हुआ।

# छात्र की आल्हा प्रस्तुति रही आकर्षण का केंद्र

- जगनिक महोत्सव सकोर धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम




**नवभारत,हटा/दमोह.** हटा ब्लाक की ग्राम पंचायत सकोर के स्टेडियम परिसर में मप्र संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन दमोह द्वारा आयोजित तीन दिवसीय जगनिक महोत्सव के दूसरे दिन मंच पर कई धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन किये गए.योगीराज देवरहा बाबा सिद्ध आश्रम रनेह के स्वामी अन्नताचार्य अमृत जी महाराज के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया,आयोजन संरक्षक डॉ रामकृष्ण कुसमरिया, युवराज कुसमरिया की ओर से स्वामी की आगवानी कर स्वागत किया गया. स्वामी जी ने अपने सम्बोधन में सकोर गांव की महिमा और ऐतिहासिक महत्व का वर्णन करते हुए कहा कि समय समय पर बड़े बड़े स्थान जागृत हो जाते हैं.पहले जो राजाओं की इमारत थी आज खंडहर बन गए.इस सकोर स्थान का ऐतिहासिक महत्व का तब पता चला जब कुसमरिया को 12 वर्ष की आयु में स्वर्ण मुद्राएं मिली थी और वह मुद्राएं उन्होंने सरकारी कोष में जमा की थी, जो आज नागपुर में सुरक्षित रखी हुई है.यदि कुसमरिया जी को उस समय लालच आ जाता तो यंहा के ऐतिहासिक महत्व का शायद पता नहीं लगता क्योकि किसी भी स्थान का ऐतिहासिक और प्राचीन महत्व और सभ्यता वहां के शिलालेख,प्रमाण,अवशेषों से ही पता चलती है.स्वामी जी ने अयोध्या में भगवान श्री रामजी के मंदिर के परिपेक्ष्य में न्यायालय द्वारा दिये गए फैसले का जिक्र करते हुए उदाहरण दिया कि श्री राम मंदिर निर्माण में वहां के प्राचीन साक्ष्य, सबूत और शिलालेख के आधार पर ही आसान हुआ है.स्वामी अन्नताचार्य अमृत जी महाराज ने आल्हा ऊदल के कई प्रसंगों का वर्णन कर बुंदेलखंड में उनकी वीरता और महाकवि जगनिक की ओजस्वी कविताओ और इतिहास में योगदान को बताया और कई धार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया.स्वामी ने कहा कि कुसमरिया द्वारा ने यह जो इतिहास को खोजने और सहेजने का कार्य किया सब की बस की बात नहीं है, आशा है भविष्य में इसी प्रकार कार्य होते रहें ताकि हमारा इतिहास अजर अमर रहे.कार्यक्रम में गुढ़ा स्कूल के कक्षा तीसरी के छात्र भागवत पटेल ने आल्हा खंड की आकर्षक प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्र मुक्त किया, प्रस्तुति पर छात्र को सम्मानित किया गया.मंच पर ग्राम पंचायत वर्धा की ऐतिहासिक रामलीला सहित संगीत मंडली द्वारा अपनी प्रस्तुतियां दी गई.

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत क्लस्टर स्तरीय शिविर आयोजित

**नवभारत,दमोह।** जनपद पंचायत दमोह के अंतर्गत संकल्प से समाधान अभियान के तहत क्लस्टर स्तरीय शिविर ग्राम पंचायत भवन मुड़िया में आयोजित किया गया .शिविर में मुड़िया क्लस्टर अंतर्गत 21 ग्राम पंचायतों के अभियान के तहत दिनांक 12 जनवरी 2026 से लेकर आज दिनांक तक दर्ज विभिन्न विभागों से संबंधित सेवाओं/योजनाओं के कुल 1281 आवेदनों पर कार्यवाही की गई .उल्लेखनीय है कि अभियान अन्तर्गत मध्यप्रदेश शासन के 21 विभागों की चिन्हित 106 सेवाओं/योजनाओं को सम्मिलित किया गया है .दिनांक 12 जनवरी 2026 से 15 फ़रवरी 2026 तक अभियान के प्रथम चरण में ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर/घर घर जाकर आवेदन प्राप्त किये जाकर पोर्टल पर दर्ज किये गये थे .अभियान के द्वितीय चरण (16 फ़रवरी से 15 मार्च 2026 तक) क्लस्टर स्तर पर शिविर लगाकर प्रथम चरण में दर्ज 1281 आवेदनों में से निराकरण हेतु शेष 440 आवेदनों के निराकरण की कार्यावाही की गई.

# खेल मैदान बिना महाविद्यालय अपंग : भाव सिंह



### वीरांगना दुर्गावती महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन आयोजित

**तेंदूखेड़ा नवभारत 27 फरवरी। शासकीय वीरांगना दुर्गावती महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन और मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।**

महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्राचार्य शंकर शिंह ने प्रस्तुत कर महाविद्यालय में खेल मैदान की कमी, कॉलेज की भूमि पर अतिक्रमण हटवाने, महाविद्यालय में पोस्ट ग्रेजुएट कक्षाएं खुलवाने की अपील मुख्य अतिथि संस्कृति मंत्री धर्मेंद्रसिंह के पिता दादा भाव शिंह लोधी से की। इस पर भाव सिंह ने शीघ्र ही खेल मैदान बनाने, अतिक्रमण हटवाने और पीजी कक्षा शुरू कराने की बात कही।




### पीजी क्लास शुरू होना चाहिए

उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में 850 छात्र-छात्राएं अध्यनरत है, इसलिए पीजी क्लास शुरू होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिना खेल मैदान के महाविद्यालय अपंग के समान है, साथ ही महाविद्यालय में कॉमर्स की कक्षाएं संचालित है, परंतु विद्यार्थियों की संख्या कम है, इसलिए क्षेत्र के स्कूलों में कॉमर्स विषय की कक्षाएं खुलवाने सरकारी और प्राइवेट स्कूलों से निवेदन किया जाएगा।

### मेधावी छात्र हुए सम्मानित

अतिथियों के संबोधन के बाद महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सामाजिक सरोकारों और देश प्रेम से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की, जिस पर उपस्थित छात्र छात्राएं अतिथि मंत्रमुग्ध होकर तालियां बजाने विवश हुए।कार्यक्रम के बाद महाविद्यालय के मेधावी छात्रों को मेडल व प्रमाण पत्र दिए गए ।इनकी रही उपस्थिति इस दौरान मूरत सिंह, लक्ष्मी नामदेव, गोविंद यादव, परम सिंह, राजेश राज, दीपक कटारे, भागचंद जैन, मंडल अध्यक्ष संतराम पाल, पूर्व प्राचार्य एसके अग्रवाल, सहित डॉ. शंकर सिंह ठाकुर, मेघ सिंह वर्मा, अरुणेंद्र कुमार पटेल, यशवंत अहिरवार, डॉ. नंदकिशोर निकोसे, डॉ. सुनील गिरी, डॉ. बालकृष्ण कुशवाहा, डॉ. संजय स्थापक, डॉ. मनीषा कुमारी, डॉ. रश्मि मिश्रा, डॉ. रुचि द्विवेदी, डॉ. दीपिका दुबे, सुमन अहिरवार, खुशबू रावत आदि उपस्थित रहे।



## शराब के नशे में हुड़दंग मचाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : थाना प्रभारी

**नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह.** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को तारादेही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे बैठक में थाना प्रभारी आलोक तिरपुडे ने कहा कि होली आपसी प्रेम और सौहार्द का त्योहार है.जिसे मर्यादित और शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाना चाहिए .उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि अफ़वाह फैलाने, जबरन रंग लगाने, डीजे पर अश्लील गीत बजाने या शराब के नशे में हुड़दंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

### एक नजर में

## कलेक्टर के निर्देशन में बाल श्रम के विरुद्ध संयुक्त अभियान मैरिज गार्डन से 5 बच्चों का किया रेस्क्यू, प्रकरण दर्ज

**नवभारत,दमोह.** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में जिले में बाल श्रम के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में 27 फ़रवरी को टास्क फ़ोर्स समिति के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया ।अभियान में श्रम विभाग से प्रभारी सहायक श्रम पदाधिकारी पूजा अवस्थी, बाल श्रम नोडल अधिकारी राहुल कुर्मी,अध्यक्ष बाल कल्याण समिति दीपक तिवारी, महिला व बाल विकास विभाग से बाल संरक्षण अधिकारी अखिलेश चौबे,पुलिस विभाग जबलपुर नाका चौकी से प्रधान आरक्षक (376) नंद लाल व आरक्षक (251) अजय पटैल तथा जनसाहस संस्था से मुकेश नवीन शामिल रहे ।संयुक्त टीम द्वारा शहर स्थित विद्या वाटिका मैरिज गार्डन में आयोजित एक शादी समारोह के दौरान निरीक्षण किया गया।




## विकसित भारत जी राम जी अधिनियम, 2025 के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रेसवार्ता आयोजित

**नवभारत,दमोह।** विकसित भारत जी राम जी अधिनियम, 2025 के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु आज प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता में पत्रकार बंधुओं के समक्ष अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों व उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की गई ।इस अवसर पर अधिनियम पर आधारित एक शॉर्ट फ़िल्म भी प्रदर्शित की गई। प्रेसवार्ता में बताया गया कि अधिनियम के अंतर्गत प्रति वित्तीय वर्ष 125 दिनों की वैधानिक मजदूरी रोजगार गारंटी का प्रावधान किया गया है। विकसित ग्राम पंचायत प्लान के अंतर्गत प्रस्तावित समस्त कार्यों को विकसित भारत नेशनल रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर स्टैक में एकीकृत किया जाएगा तथा योजनाओं को पीएम गति शक्ति के साथ समन्वित कर तैयार किया जाएगा ।अधिनियम के चार प्रमुख फ़ोकस क्षेत्र निर्धारित किए गए है,

# इंटर विलेज वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आगाज

### माईसम सीमेंट कंपनी द्वारा आयोजित




**नवभारत,पथरिया/दमोह.** माइसम सीमेंट कंपनी द्वारा आयोजित इंटर विलेज वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुक्रवार को शानदार शुभारंभ हुआ.खेल भावना और क्षेत्रीय एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में क्लस्टर हेड सुरेश दुबे उपस्थित रहे.गणमान्य अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने शिरकत की. जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे,विशिष्ट अतिथि सुंदर लाल विश्वकर्मा (अध्यक्ष, नगर पंचायत पथरिया),अमित मिश्रा (थाना प्रभारी,पथरिया,मनोज पटेल (लखरौनी), अजीत पटेल (मिर्जापुर), धनीराम पटेल (सतापारा), महेंद्र पटेल (बिलानी), बाबू लाल पटेल (सूखा),गोविंद पटेल (खड़ेरी) अन्य अतिथि सोहन राठौड़ (जनपद सदस्य) नंदकिशोर चौरसिया (समाजसेवी) हेमराज (पार्षद),सुजीत पटेल (महामंत्री,भाजपा युवा मोर्चा) व प्रभुदयाल (पार्षद) रहे.मैचों के परिणाम प्रतियोगिता के पहले दिन महिला और पुरुष दोनों वर्गों में कड़े मुकाबले देखने को मिले.

### आरक्षक और चालक सम्मानित

**नवभारत,दमोह।** जिले के हिंडोरिया थाना क्षेत्र के आनु में एक युवक फ़ांसी का फ़ंदा लगाकर आत्महत्या कर रहा था, इस दौरान जानकारी मिलने पर मौके पर डायल 112 ने मौके पर पहुंचकर फ़ांसी लगा रहे युवक की जान बचाई थी, इसी को लेकर भोपाल पुलिस मुख्यालय के आदेश पर पुलिस अधीक्षक दमोह श्रुत कीर्ति सोमवंशी ने आरक्षक चंद्रकांत पांडे और चालक आशीष को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया.



## रनेह की बेटियों का सुयश, प्राथमिक शिक्षक पद पर ग्राम की तीन बेटियों का चयन



**नवभारत,हटा/दमोह.** रनेह क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है कि रनेह निवासी प्रथा चौबे,साक्षी राजौरिया व आरती रिछारिया व्यास ने मध्य प्रदेश प्राथमिक शिक्षक पद पर सफ़लता हासिल की है। प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा के आज परिणाम में प्रथा चौबे ने गेस्ट फेकल्टी से 31वीं रैंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफ़लता हासिल की है तो वहीं आरती रिछारिया ने 70वीं रेंक प्राप्त कर अपना स्थान सुनिश्चित किया। जबकि साक्षी राजौरिया ने नॉन गेस्ट फेकल्टी अंतर्गत 554वीं रैंक हासिल की ।ग्राम की तीनों बेटियों को उनकी इस उपलब्धि से परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है ।प्रथा चौबे, पिता मुकेश चौबे की सुपुत्री हैं। उनकी इस सफ़लता पर उनके पिता ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रथा ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने बताया कि प्रथा बचपन से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर रही हैं और हमेशा अपने लक्ष्य को लेकर दृढ़ संकल्पित रही हैं ।प्रथा की मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास का ही परिणाम है कि उन्होंने प्रतिस्पर्धा के इस दौर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह स्थान प्राप्त किया। उनकी सफ़लता ने यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पण और दृढ़ निश्चय से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। परिजनों एवं ग्रामीणों ने प्रथा, आरती एवं साक्षी को अनंत बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सभी ने आशा व्यक्त की है कि वे आगे भी ऐसे ही कीर्तिमान स्थापित कर क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन करती रहेंगी।

## देहात थाना प्रभारी होंगे अमित गौतम, सागर नाका विक्रम, प्रियंका होगी जबलपुर नाका

**नवभारत, दमोह. पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी ने गुरुवार शाम एक सूची जारी कर 13 पुलिस अधिकारी और सात कर्मचारियों के फेरबदल कर नई पदस्थापना दी है.**



सूची के अनुसार थाना प्रभारी रचना मिश्रा को देहात थाने से रक्षित केंद्र,थाना प्रभारी ऐजेके अमित गौतम को थाना प्रभारी देहात, उप निरीक्षक विक्रम सिंह दांगी थाना दमोह देहात से चौकी प्रभारी सागर नाका,सब इंस्पेक्टर रोहित द्विवेदी सागर नाका से दमोह देहात,सब इंस्पेक्टर प्रशीता कुर्मी चौकी प्रभारी जबलपुर नाका से रक्षित केंद्र, उप निरीक्षक प्रियंका पटेल रक्षित केंद्र से चौकी प्रभारी जबलपुर नाका,सब इंस्पेक्टर प्रियंका शर्मा भट्ट रक्षित केंद्र से प्रभारी कंट्रोल रूम, उप निरीक्षक गरिमा मिश्रा रक्षित केंद्र कार्यालय से रक्षित केंद्र,एएसआई रमाशंकर मिश्रा रक्षित केंद्र से इमलिया,चौकी प्रभारी चौकी प्रभारी अक्षेंद नाथ सूर्यवंशी चौकी जबलपुर नाका,एएसआई राजेंद्र दुबे पथरिया से रक्षित केंद्र, एएसआई गोदन सिंह कुर्मी गैसाबाद से यातायात, प्रधान आरक्षक आलोक भारद्वाज देहात से रक्षित केंद्र, रीता मिश्रा सीएसपी कार्यालय से रक्षित केंद्र,भानु उपाध्याय देहात से रक्षित केंद्र,महिला आरक्षक चांदनी अहिरवार हिंडोरिया से सीएसपी कार्यालय,आरक्षक घनश्याम सेन सादपुर से नोहटा, आरक्षक शुभम चौबे देहात से रक्षित केंद्र, प्रियेश पाठक पथरिया से नोहटा और मनीष कुर्मी गैसाबाद से रक्षित केंद्र में पदस्थ हुए हैं.

## अजब धाम पंचायत भवन में संकल्प से समाधान और राजस्व शिविर,अधिकारियों ने सुनी लोगों की समस्याएं

**नवभारत,अजब धाम/दमोह.** बटियागढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत अजब धाम में संकल्प से समाधान और राजस्व शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और कई समस्याओं का समाधान किया ।कलेक्टर सुधीर कोचर के मार्गदर्शन में जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से संकल्प से समाधान व राजस्व सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है .शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं.

## गैस सिलेंडर विस्फोट से तीन मकान क्षतिग्रस्त, प्रशासन से की मुआवजे की मांग



**नवभारत,दमोह.** जिले के मगरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत बेली गांव में शुक्रवार दोपहर एक घरेलू गैस सिलेंडर में भयंकर विस्फ़ोट हो गया, जिससे तीन मकान क्षतिग्रस्त हो गए और एक मकान पूर्ण रूप से धराशाई हो गया.घटना में कोई जनहानि नहीं हुई क्योंकि घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था.यह घटना बेली गांव निवासी खरगराम अहिरवार के घर में हुई, जब पूरा परिवार खेत में थ्रेशिंग कार्य कर रहा था.विस्फ़ोट इतना जबरदस्त था कि सिलेंडर छत को फ़ाड़ते हुए ऊपर निकल गया और आसपास के मकानों को भी नुकसान पहुंचा.

### पुलिस जांच में जुटी

मगरोन थाना प्रभारी बीएल पटेल ने कहा कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है. मकान मालिक की बेटी ने बताया कि गैस सिलेंडर को बंद करके ही वह घर से निकली थी, परंतु सिलेंडर में कैसे विस्फ़ोट हुआ, यह अभी जांच का विषय है.

## प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की प्रान्तीय बैठक आयोजित

**नवभारत,दमोह।** पेंशनरों के सबसे बड़े संगठन प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन म.प्र.भोपाल को प्रान्तीय बैठक विगत नरसिंहगढ़,जिला राजगढ़ में आयोजित हुयी। जिसमें दमोह से जगदीश चौबे कार्यकारी प्रान्ताध्यक्ष व जिलाध्यक्ष दमोह,सत्यनारायण पाण्डये उपाध्यक्ष व नरेन्द्र कुमार सेन जिला महामंत्री शामिल हुये। जगदीश चौबे ने जानकारी दी है कि संगठन के प्रान्ताध्यक्ष ओमप्रकाश बुधौलिया ने बताया कि संगठन भी मध्यप्रदेश के सभी 55 जिलो में शाखायें कार्यरत है। बैठक में सभी जिलो के अध्यक्षों एवं प्रतिनिधियों ने अपनी अपनी उपस्थिति दी है। बैठक में आगामी आन्दोलन के संबंध में सभी ने अपने अपने सुझाव दिये है।

विवाद | पुलिस जांच में जुटी

# दो पक्षों में विवाद के बाद 54 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर मौत

**नवभारत,बटियागढ़/दमोह. बटियागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलखेड़ी गांव में गुरुवार की रात दो पक्षों में विवाद के बाद 54 वर्षीय तुलसी सींग पिता कमोद सींग निवासी बेलखेड़ी की मौके पर मौत का मामला सामने आया. जिसमें बटियागढ़ थाना पुलिस हर पहलू को बारीकी से जांच कर व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करने की बात कह रही है.**



प्राप्त जानकारी के अनुसार परिजन मृतक के पुत्र राजाराम सिंह ने बताया कि मेरे पिता तुलसी सींग अपने स्वयं के खेत से स्वयं के टू-व्हीलर वाहन से टगर से गुरुवार की रात 8:30 बजे अपने घर आ रहे थे. रास्ते में दो युवकों हरेन्द्र सिंह और बीरसींग निवासी बेलखेड़ी ने मेरे पिता को रोका और उससे टू-व्हीलर वाहन मांगा उसने अपनी मोटर साइकिल देने से मना कर दिया. जिससे वो दोनों मेरे पिता को गाली गलौज देकर मारने की बात करने लगे मेरे पिता घटना स्थल पर ही मोटर साइकिल छोड़ कर पैदल भागने लगे,इन दोनों युवकों ने मेरे पिता को दहशत में डाल कर दौड़ाया जिससे उनकी मौत हो गई। मैं, मेरा भाई, मेरी मां और मेरे साले ने पिता को उठाया और निजी वाहन से सीएचसी बटियागढ़ लेकर आए.जहां डॉ. नीलेश पटेल ने जांच के बाद मेरे पिता को मृत घोषित कर दिया. वहीं डॉ. नीलेश पटेल ने बताया कि गुरुवार की रात एक व्यक्ति को मृत अवस्था में सीएचसी बटियागढ़ लाया गया था.

जांच उपरांत वो मृत पाए गए, मृत्यु का कारण अभी अज्ञात है.वहीं थाना प्रभारी रजनी शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है. वहीं कुछ लोगों से घटना की पूछताछ की जा रही है व पीएम रिपोर्ट के आधार पर दूसरे पक्ष पर कार्रवाई की जायेगी. हालांकि मृतक के पैर पर छिलने का एक निशान पाया गया है.मर्ग कायम कर शव का पंचनामा कार्यवाही कर शव पोस्टमार्टम उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया है और मामले की बारीकी से जांच की जा रही है.